**डॉ० यशवन्त सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय**
**नौणी (सोलन) – 173 230 (हिमाचल प्रदेश)**
**कुलसचिव कार्यालय**
☎ 01792-252219, ई-मेल: registrar@yspuniversity.ac.in

क्रमांक:यू०एच०एफ०/कु०स०/सा०प्र०/5-237/2024/- 33046-88 दिनांक: 10-12-2024

## कार्यालय आदेश

इस कार्यालय आदेश संख्या यू०एच०एफ०/कु०स०/सा०प्र०/5-237/2024/-297-321 दिनांक 02/04/2024 में आंशिक संशोधन करते हुए कुलपति, डॉ० यशवन्त सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी (सोलन) ने डॉ० सतीश कुमार भारद्वाज, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पर्यावरण विज्ञान विभाग के स्थान पर डॉ० अजय शर्मा, सहायक प्राध्यापक, विस्तार शिक्षा निदेशालय को '**विश्वविद्यालय राजभाषा अधिकारी**' नियुक्त किया है।

कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या: उपरोक्त/- 33046-88 दिनांक: 10-12-2024

उपरोक्त की प्रति निम्न को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है:

1. सचिव राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश, राजभवन, शिमला को उनके पत्र संख्या 4-78/81-जी.एस. दिनांक 02/03/2024 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है।
2. समस्त सांविधिक अधिकारी, यू०एच०एफ०, नौणी (सोलन)।
3. अधिष्ठाता, औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, नेरी (हमीरपुर)।
4. अधिष्ठाता, औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, थुनाग (मंडी)।
5. समस्त प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, यू०एच०एफ०, नौणी (सोलन)।
6. डॉ० सतीश कुमार भारद्वाज, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पर्यावरण विज्ञान विभाग, वानिकी महाविद्यालय, यू०एच०एफ०, नौणी (सोलन)।
7. समस्त सह निदेशक/प्रभारी/प्रमुख, बाह्य केंद्र/कृषि विज्ञान केंद्र।
8. डॉ० अजय शर्मा, सहायक प्राध्यापक, विस्तार शिक्षा निदेशालय, यू०एच०एफ०, नौणी (सोलन) को सचिव राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश, राजभवन, शिमला के पत्र संख्या 4-78/81-जी.एस. दिनांक 02/03/2024 की छाया प्रति सहित प्रेषित है।
9. सचिव कुलपति, यू०एच०एफ०, नौणी (सोलन)।

कुलसचिव

क-मल (634)

**राज्यपाल सचिवालय**
**हिमाचल प्रदेश;**
**राजभवन शिमला–2**

क्रमांक: 4–78/81–जी.एस. दिनांक: - 2 MAR 2024

प्रेषक

सचिव राज्यपाल,
हिमाचल प्रदेश।

प्रेषित

कुलपति,
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय,
समरहिल, शिमला–05

कुलपति,
चौ. सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय,
पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि०प्र०)

कुलपति,
हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय,
हमीरपुर, जिला हमीरपुर (हि०प्र०)

कुलपति,
डॉ. यशवन्त सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय,
नौणी, जिला सोलन (हि०प्र०)

कुलपति,
अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय,
नेरचौक, जिला मण्डी (हि०प्र०)

कुलपति,
सरदार पटेल विश्वविद्यालय,
मण्डी, जिला मण्डी (हि०प्र०)

**विषय: राज्य के विश्वविद्यालयों में राजभाषा अधिकारी की नियुक्ति बारे।**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे डॉ. अतुल कोठारी, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, सरस्वती बाल मन्दिर, जी ब्लाक,नारायणा विहार, नई दिल्ली से प्राप्त अभ्यावेदन, जो कि माननीय राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश को प्रेषित है, आपको आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजने का निर्देश हुआ है। जब तक राजभाषा अधिकारी का पद सृजित नहीं होता तब तक यह दायित्व किसी वरिष्ठ प्राध्यापक को सौंपा जाए।

Deptt. of Environmental Science
Dairy 2457
Dated 06-03-2024
UHF Nauni, Solan (HP)

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त मामले में की गई कृत कार्रवाई से इस सचिवालय को सूचित करने की कृपा करें ।

Dr.Y.S. Parmar University of Horticulture & Forestry
Nauni (Solan) - 173230, Himachal Pradesh
30 MAR 2024
CENTRAL DIARY
No. 11807.

भवदीय,

अवर सचिव,
राज्यपाल सचिवालय,
हिमाचल प्रदेश।

पृष्ठाकंन संख्याः 4–78/81–जी.एस. दिनांकः

1. प्रतिलिपि मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–02 को अभ्यावेदन की छायाप्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।
2. प्रतिलिपि डॉ. अतुल कोठारी, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, सरस्वती बाल मन्दिर, जी ब्लॉक, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028 को उनके उपरोक्त पत्र के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है।

अवर सचिव,
राज्यपाल सचिवालय,
हिमाचल प्रदेश।

# शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास

*Shiksha Sanskriti Uthan Nyas*

अध्यक्ष : दीनानाथ बत्रा सचिव : अतुल कोठारी

देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलो


पत्र क्रमांक शि.सं.उ.न्यास/विविध/03/2023-24/34

दिनांक:-02.02.2024

Diary No 1364516

Date 17/2/24

Sig.

सेवा में,

मा. श्री शिवप्रताप शुक्ल जी,

माननीय राज्यपाल हिमाचल प्रदेश,

राजभवन, छोटा शिमला,

शिमला-171002 (हिमाचल प्रदेश)

विषय:- राज्य के विश्वविद्यालयों में राजभाषा अधिकारी की नियुक्ति।

माननीय महोदय,

यह हर्ष का विषय है कि आपके मार्गदर्शन में हमाचल प्रदेश राज्य के विश्वविद्यालयों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

इस संबंध में मैं आपके संज्ञान में यह लाना चाहता हूँ कि संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालयों में राजभाषा अधिकारी की नियुक्ति की जाती है ताकि विश्वविद्यालय में शासन-प्रशासन सहित सभी स्तरों पर संघ की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। लेकिन राज्य स्तर पर हिमाचल प्रदेश राज्य में विश्वविद्यालयों में राजभाषा अधिकारी का पद न होने के कारण राज्य की राजभाषा नीति का अनुपालन ठीक प्रकार से नहीं हो पा रहा है।

अतः अनुरोध है कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों की तरह राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में भी राजभाषा अधिकारी का पद सृजित किया जाए और वहां राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन भी किया जाए ताकि केंद्रीय विश्वविद्यालयों की तरह राज्य विश्वविद्यालयों में भी राज्य की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

राजभाषा अधिकारी का पद सृजित होने और भरे जाने तक यह उचित होगा कि राजभाषा अधिकारी पद का दायित्व राज्य की भाषा के विशेषज्ञ किसी वरिष्ठ प्राध्यापक को सौंप दिया जाए। ताकि तत्काल प्रभाव से आपके आदेश से यह कार्य आरंभ हो सके।

विनम्र अनुरोध है कि राज्य में राज्य की राजभाषा के प्रयोग व प्रसार को बढ़ाने व राजभाषा नीति का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें।

सादर !

भवदीय

(डॉ. अतुल कोठारी)

राष्ट्रीय सचिव

17/2/24


सरस्वती बाल मन्दिर, जी ब्लाक, नारायणा विहार, नई दिल्ली

Saraswati Bal Mandir, G Block, Narayana Vihar, New Delhi-110028

दूरभाष : 011- 25898023 | E-mail : atulssun@gmail.com | Website: www.bhartiyashiksha.com @Shiksha Sanskriti